# भलाई कर भला होगा

भलाई कर भला होगा बुराई कर बुरा होगा,
कोई देखे या ना देखे प्रभु तो देखता होगा,
भलाई कर भला होगा.....

यहां नेकी बदी दो रास्ते हैं गौर से सुन ले,
तुझे जाना है किस मंजिल पर अपना रास्ता चुन ले,
कदम उठने से पहले सोच लें अंजाम क्या होगा,
भलाई कर भला होगा....

यही दुनिया ही जन्नत है यही दुनिया ही जहन्नुम है,
अगर तेरे कर्म अच्छे हैं तो फिर किस बात का डर है,
तेरे कर्मों के नाम पर ही तेरा फैसला होगा,
भलाई कर भला होगा.....

गरीबों और मोहताजओ तू हरदम साथ लेता जा,
यह सौदा है नगद इस हाथ दे उस हाथ ले ताजा,
वही काम आएगा तेरे जो तूने दे दिया होगा,
भलाई कर भला होगा.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27612/title/bhalayi-kar-bhala-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |